सत्य प्रतिलिपि बैठक कार्यवाही "विश्वभारती चैरीटेबल ट्रस्ट" इन्द्रलोक कालोनी अकबरपुर अम्बेडकरनगर

दिनांक – 15.08.2018
दिन– बुधवार
समय सांय 04:00 बजे
स्थान– शोभासदन इन्द्रलोक कालोनी अकबरपुर अम्बेडकरनगर
अध्यक्षता–श्रीमती अनीता श्रीवास्तव
प्रस्ताव सं0– 02
होमियो फार्मेसी कालेज की स्थापना, नामकरण एवं जमीन क्रय हेतु तथा भवन निर्माण हेतु धन की व्यवास्था करने के सन्दर्भ में।

कार्यवाही

दिनांक 15.08.2018 को समय सांय 04:00 बजे श्रीमती अनीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शोभा सदन इन्द्रलोक कालोनी अकबरपुर अम्बेडकरनगर में विश्वभारतीय चैरीटेबल ट्रंस्ट की बैठक हुई। कोरम पूर्ण रहा अतः अध्यक्षत महोदया ने कार्यवाही शुरू करने की अनुमति दिया।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष श्रीमती पूनम श्रीवास्तव ने सदन के समक्ष प्रस्ताव रखा कि क्यो ना एक होमियो फार्मेसी कालेज की स्थापना की जाय। और उसका नाम नालन्दा कालेज ऑफ होमियो फार्मेसी रखा जाय तथा कालेज की स्थापना के लिए जमीन क्रय एवं भवन निमार्ण हेतु आवश्यक धनराशि की व्यवस्था दान एवं चन्दे के माध्यम से सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मिलकर करें।

कोषाध्यक्ष महोदया के इस प्रस्ताव का सर्मथन ट्रस्ट के सचिव श्री सुरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया तथा सदन में उपस्थित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारीयों ने उपरोक्त प्रस्ताव का ध्वनिमत से सर्मथन किया। इस प्रकार नालन्दा कालेज ऑफ होमियो फार्मेसी के लिए जमीन क्रय करने एवं भवन निर्माण हेतु धन की व्यवस्था करने के लिए ट्रस्ट के सभी सदस्यों को समान जिम्मेदारी दी गयी कि वे दान, चन्दे एवं अन्य स्त्रोतों से धनराशि एकत्रित करें।

अतः नालन्दा कालेज ऑफ होमियो फार्मेसी स्थापित करने एवं जमीन क्रय करने तथा भवन निर्माण हेतु धन एकत्रित करने का प्रस्ताव सर्व सम्मानित से पारित हुआ। अन्य कोई प्रस्ताव न आने के कारण अध्यक्ष महोदया की अनुमति से बैठक की कार्यवाही समाप्ति की गयी।

Poonam
कोषाध्यक्ष
विश्व भारती चैरिटेबल ट्रस्ट
इन्द्रलोक कालोनी अकबरपुर
अम्बेडकरनगर

Anita
प्रमुख ट्रस्टी
विश्व भारती चैरिटेबल ट्रस्ट
[illegible]लोक कालोनी अकबरपुर
[illegible]

Surendra
पूनम
Sangeeta
गौरव श्रीवास्तव
Amod. Srivastava